an>

Title: Regarding the need to resume central assistance to a kustha Aashram in Siwan.

श्री ओम प्रकाश यादव (सीवान) : उपाध्यक्ष महोदय, हमारे क्षेत्र सीवान, बिहार में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के नाम से एक कुष्ठ आश्रम की स्थापना की गयी। उसमें परिजन भी जिसका परित्याग कर देते हैं, समाज के लोग जिसे उपेक्षित कर देते हैं, जो दर-दर की ठोकरें खाते हैं, ऐसे कुष्ठ रोगियों का इलाज, उनके रहने, खाने, पीने और कपड़े की व्यवस्था की जाती है। इसके लिए केन्द्र सरकार उस संस्था को प्रत्येक साल 36 लाख रुपये देती थी, लेकिन वर्ष 1996 के बाद केन्द्र सरकार ने अचानक पैसा देना बंद कर दिया है। इस कारण वहां रोगी तबाह और परेशान हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहते हैं कि बढ़ती महंगाई को ध्यान में रखते हुए उस संस्था को कम से कम 50 लाख रुपये दिये जायें, यही मेरा आपसे आग्रह है।